हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023

04 सत्ताधारी पार्षदों ने अपनी ही संस्था के कर्मचारियों...



05 डॉ जैन करने लगे मनमानी नार्मल प्रसूता को किया रेफर





**खबर संक्षेप**

### अगले हफ्ते बंद रहेंगे कई सरकारी कार्यालय

**सीहोर।** सरकारी दफ्तर अगले सप्ताह छुट्टियों के कारण बंद रहेंगे। इसका फायदा सरकारी अमले को मिलेगा, वहीं आम लोगों को परेशानी होगी, क्योंकि उनके काम नहीं हो सकेंगे। छुट्टियों की शुरुआत 23 दिसंबर शनिवार से होगी। अगले दिन 24 को रविवार और 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी रहेगी। दत्तात्रेय जयंती के कारण 26 को तथा महाराजा खेतसिंह खंगर जयंती के कारण 27 को एच्छिक अवकाश रहेगा। कर्मचारी इसका भी लाभ ले सकते हैं। दिसंबर में 28-29 को दफ्तर खुलेंगे पर 30 को शनिवार और 31 को रविवार के कारण फिर छुट्टी रहेगी। इन छुट्टियों के कारण बैंक के कामकाज पर भी असर होगा। अपने कामकाज के लिए दफ्तर पहुंचने वाले लोगों को अगले साल जनवरी में ही राहत मिल सकेगी।

### राज्यपाल पटेल का दौरा आज

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल 22 दिसम्बर 2023 को सुबह 10.30 बजे कन्या शिक्षा परिसर सीहोर पहुंचेंगे। यहां वे कन्या शिक्षा परिसर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 12.05 बजे इछावर जनपद की ग्राम पंचायत धामंदा पहुंचेंगे। यहां वे विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात दोपहर 02.15 बजे वे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 50 हजार स्क्वायर फीट में 4.5 करोड़ से बनेगा शहर का पहला ऑडिटोरियम भवन

# ले-आउट डालकर की गई मार्किंग, 500 सीटर ऑडिटोरियम एक साल में होगा तैयार

नपा अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने मौके पर पहुंच कर इंजीनियरों की टीम के साथ मौका मुआयना किया। साथ ही समय-सीमा ऑडिटोरियम को तैयार करने दिशा निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



**सीहोर।** नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर बनने वाले ऑडिटोरियम स्थल का निरीक्षण करते हुए।



**सीहोर।** कुछ इस तरह से बनकर तैयार होगा नवीन ऑडिटोरियम हॉल।

50 हजार स्क्वायर फीट में 4.5 करोड़ रुपए की लागत से 500 सीटर का अत्याधुनिक ऑडिटोरियम हॉल टाउन हाल परिसर में तैयार होगा। गुरुवार को इस लिए नपा अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने मौके पर पहुंच कर इंजीनियरों की टीम के साथ मौका मुआयना किया। साथ ही समय सीमा ऑडिटोरियम को तैयार करने दिशा निर्देश दिए। इसी तरह सीवन नदी किनारे देवी मंदिर के पास स्थित रेशम विभाग की जमीन पर 4 करोड़ 41 लाख की लागत से मल्टीपरपज जिम और स्वीमिंग पूल बनाया जाएगा। इनका काम आने वाले दिनों में शुरू हो जाएगा।

ऑडिटोरियम बन जाने से शहर में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक व्यवस्थित जगह मिल सकेगी। जिस जगह ऑडिटोरियम बनाया जाना है वह टाउन हाल की जगह है। टाउन हॉल का कुल रकबा 3 एकड़ है। इसमें अभी आगे टाउन हाल बना है। अब इसे गिरा दिया जाएगा। इसके पीछे जो जगह खाली पड़ी है वहां पर नया ऑडिटोरियम भवन बनाने के लिए गुरुवार को लेआउट डालकर मार्किंग की गई। इस संस्कृतिक हाल में आगे वाहनों की पार्किंग के लिए व्यवस्था कराई जाएगी। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि इनके लिए टेंडर होने के बाद काम शुरू हो गया। डीजायन भी फाइलन हो चुकी है।

**इसलिए पड़ी जरूरत :** सांस्कृतिक और अन्य एक्टिविटी के लिए अभी शहर में टाउन हाल के अलावा कोई दूसरी जगह नहीं थी। इसलिए सभी आयोजन इसी जगह करना पड़ते थे। यह टाउन हाल काफी पुराना हो चुका है। हालांकि बीच में नगर पालिका ने इसके कायाकल्प पर काफी खर्च भी किया था लेकिन फिर भी यहां पर कई तरह की समस्याएं थीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम खासकर गायन के कार्यक्रम इसलिए नहीं हो पाते थे क्योंकि यहां पर सही तरीके से आवाज नहीं सुनाई देती थी। लंबे समय से लोगों की डिमांड थी कि शहर में इस तरह का कोई सभागार हो जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जा सकें।

### सीवन नदी के तट के पास रेशम केंद्र की जमीन पर बनेगा जिम

4 करोड़ 41 लाख की लागत से मल्टीपरपज जिम और स्वीमिंग पूल तैयार किया जाएगा। इसके लिए रेशम केंद्र के पास इसे बनाया जाएगा। इसमें सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसके अलावा शहर विकास के लिए करोड़ों रुपए के काम होंगे। इसके लिए कार्ययोजनाएं तैयार कर ली गई हैं। जानकारी देते हुए नगर पालिका के एई रमेश वर्मा ने बताया कि शहर के सीवन नदी के तट के पास रेशम केंद्र की जो जमीन है उसके पास करोड़ों की लागत से मल्टी परपस जिम व स्विमिंग पूल का निर्माण किया जाएगा। यह काम शहर के बीच स्थित रेशम केंद्र के पास दो एकड़ के स्थान पर विकसित किया जाएगा। जिम में आधुनिक मशीनें लगेंगी। इसके अलावा स्वीमिंग पूल में फर्शीकरण, तैराकों व खिलाड़ियों के लिए वाशरूम, चेंजिंग रूम सहित अन्य कार्य कराने की योजना है। नपा अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि शहर विकास को लेकर जो ब्ल्यू प्रिंट तैयार किया गया है। आने वाले समय में वह शहर को विकसित नगरों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर देगा। ऑडिटोरियम एक साल में बनकर तैयार हो जाएगा। वहीं मल्टीपरपज जिम और स्वीमिंग पूल की राशि स्वीकृत हो गई है, टैंडर लगे हुए हैं। जल्द ही उसका काम भी शुरू हो जाएगा।

## अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन हुआ अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है।

अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में सम्पत्ति पर कब्जा नहीं दिया है, तो एक हजार रूपये स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध के द्वारा कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध पत्र पर उपरोक्तानुसार चुकाई गई स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस का समायोजन रजिस्ट्री कराने पर हो जाता है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों का पंजीयन अवश्य कराएं। रजिस्टर्ड अनुबंध से अधिकार सुरक्षित रहते हैं तथा विवाद की संभावना बहुत कम हो जाती है।

### नवोदयः प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड जारी

**सीहोर।** नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) ने कक्षा 6 में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के दूसरे चरण के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। संबंधित अधिकारिक पोर्टल cbseitms.rsil.gov.in से कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। कार्ड डाउनलोड करने के लिए छात्रों को पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि का उपयोग करना होगा। चूरण चरण की चयन परीक्षा 20 जनवरी को होगी। पहला चरण 4 नवंबर को हुआ था।

## माध्यमिक स्कूल में लगेंगी सेल्फ डिफेंस क्लासः एक से आठवीं कक्षा की बालिकाओं के लिए हफ्ते में पांच क्लास लगाई जाएंगी

**सीहोर।** शासकीय माध्यमिक शालाओं में बालिकाओं को आत्मरक्षा परीक्षण देने की स्वीकृति मिल गई है। विद्यालयों में कक्षा एक से आठ की बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शालाओं बालिकाओं की पढ़ाई के साथ रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण को वार्षिक कार्य योजना में शामिल कर लिया गया है। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने बताया कि यू-डाइस के नामांकन के आधार पर आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए उन स्कूलों का चयन किया गया है। जहां बालिकाओं की संख्या 25 से अधिक है। प्रशिक्षक के लिए एक महीने तक महिला शिक्षिका का चयन किया जाएगा। अगर महिला प्रशिक्षक नहीं मिलती है, तभी पुरुष शिक्षक को चुना जाएगा। प्रशिक्षक सेल्फ डिफेंस सर्टिफिकेशन कराटे कोर्स में ब्लैक बेल्ट होना चाहिए। शिक्षक का चयन शाला प्रबंधन समिति करेगी, जिसमें डीपीसी, एपीसी शामिल है। हर हफ्ते में आत्मरक्षा प्रशिक्षण की 5 क्लास लगाई जाएंगी।

### ट्रेन की चपेट में आया युवकः गंभीर रूप से घायल, प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के नजदीकी करौली माता मंदिर के नजदीक रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिनको उपचार के लिए भोपाल रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को सीहोर से भोपाल की ओर करौली माता मंदिर के नजदीक ट्रेन की चपेट में आ हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के लिए पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। हालांकि हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर कर दिया गया है। इस घटना में मंडी थाना प्रभारी जगदीश सिंह सिद्धू ने बताया कि युवक का नाम विक्की पिता राजेंद्र बताया गया है। ट्रेन की चपेट में आने से यह युवक घायल हुआ है। जिसका उपचार भोपाल के अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह घटना रेलवे गेट-103 के पास हुई है।

## डीसीए के तत्वावधान में कल से खेली जाएगी केपीएल क्रिकेट स्पर्धा



**सीहोर।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में शहर के बीएसआई मैदान पर आगामी 23 दिसंबर से होने वाली केपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। हर साल की तरह इस साल भी शहर की प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों को आईपीएल की तर्ज पर मंच देने के लिए सीहोर विधायक जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदेश राय की सहमति से होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए शहर सहित आस-पास की टीमों को शामिल किया गया है। क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर गुरुवार को एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, अतुल कुशवाहा आदि ने निरीक्षण किया।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार से आरंभ होने वाली आईपीएल की तर्ज पर टी-20 केपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में चार टीमों को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता में ओल्ड स्कूल फाइटर, कृष्णा ब्लास्टर, इलेवन आल राउंडर और क्रिसेंट डायनामिक टीम शामिल है। इस प्रतियोगिता में सुबह पहला मैच ओल्ड स्कूल फाइटर और क्रिसेंट डायनामिक और दोपहर एक बजे से दूसरा मैच कृष्णा ब्लास्टर और इलेवन आल राउंडर के मध्य खेला जाएगा। इसके अलावा प्रतियोगिता का फाइनल मैच तीस दिसंबर को खेला जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारियां की जा रही है। प्रतियोगिता की सफलता के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव श्री तिवारी ने समिति का गठन किया है। जिसमें एसोसिएशन के पदाधिकारियों अलावा क्रिकेट कोच आदि शामिल है। इस साल के अंत में होने वाली यह प्रतियोगिता के प्रत्येक मैच 20-20 ओवर के होंगे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से सुरेन्द्र रल्हन, मनोज दीक्षित मामा, मदन कुशवाहा, इरफान हुसैन, अतुल कुशवाहा, नवनीत तोमर, अनिल राय, प्रदीप आहुजा, आशीष शर्मा, नागेंद्र व्यास, कमलेश पारोचे, सचिन कीर, हेमंत केसरिया, संजय पटेल, महेन्द्र शर्मा, चेतन मेवाड़ा, मोहनिश त्रिवेदी, आदर्श राय, गौरव खरे, अमित कटारिया, रुपेश पारोचे, राकेश भेरवे, निखिल ठाकुर, राकेश धनगर, महेन्द्र शर्मा, सुरेश नाविक, अमित शर्मा, प्रकेंश राय, सुनील जलोदिया आदि शामिल है।

## दूसरे दिन भी सीवियर कोल्ड-डे, 7 डिग्री दर्ज हुआ न्यूनतम तापमान फसलों को ठंडक से लाभ



**सीहोर।** जिले में आज लगातार दूसरे दिन गुरुवार को भी सीवियर कोल्ड डे देखने को मिल रहा है। आज न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जबकि अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा।

जानकारी के अनुसार सीहोर जिले में मंगलवार से कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया है । मंगलवार को जहां अधिकतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस था, वहीं बुधवार को 1 डिग्री की कमी आकर 8 डिग्री सेल्सियस हो गया और आज गुरुवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इस प्रकार लगातार तीन दिन से न्यूनतम तापमान प्रतिदिन एक डिग्री गिर रहा है। तापमान में लगातार आ रही गिरावट के कारण आज लगातार दूसरे दिन सीवियर कोल्ड डे का असर रहा। हवाओं की रफ्तार 8 से 11 किलोमीटर प्रति घंटे चल रही है। जिससे लोगों को शीत नहर का भी एहसास हो रहा है। वही रबी सीजन की फसलों को मौसम में ठंडक से फायदा हो रहा है। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एसएस तोमर ने बताया कि हवाओं की दिशा उत्तर पूर्व से है, जिसके कारण आगामी दिनों में भी न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज होगी, तोमर ने बताया कि बादलों की डेंसिटी कम हो रही है। जिससे ठंड का प्रभाव अभी और तेज होगा।

### रात में बायपास से शहर तक पहुंचने के लिए नहीं मिलते हैं वाहन

# सीहोर बस स्टैंड पर नहीं आती लंबी दूरी की बसें यात्री 2 से 3 किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इंदौर व उज्जैन तरफ से भोपाल जाने वाली कई बसें सीहोर बस स्टैंड पर नहीं आती हैं। हालत यह है कि ये यात्रियों को क्रिसेंट चौराहा और सैकड़ाखेड़ी जोड़ पर उतारकर चली जाती हैं। इससे यात्रियों को अपने घर तक पहुंचने में काफी परेशानी होती है। इन जगहों से दो से तीन किमी पैदल चलना पड़ता है जो कि काफी बड़ी समस्या है। इंदौर-भोपाल बायपास से शहर की दूरी करीब दो से तीन किमी है। लोग इंदौर या भोपाल से सीहोर आते हैं तो उन्हें रात के समय में सैकड़ाखेड़ी बायपास या फिर क्रिसेंट बायपास पर ही उत्तार दिया जाता है। जहां से सीहोर शहर करीब दो और तीन किमी की दूरी पर पड़ता है। यहां से पैदल आने-जाने में काफी समस्या होती है। रात के समय में इस बायपास पर कोई साधन नहीं मिल पाता है। सभी बसों को बस स्टैंड तक आना चाहिए। इन बसों के स्टैंड तक नहीं आने के कारण समस्या होती है। यहां पर यात्री बसों के आने का इंतजार ही करते रहते हैं। बहुत कम बसें हैं जो बस स्टैंड तक आती हैं, बाकी सभी बाहर से चली जाती हैं।

### यात्री बोले- रात में साधन नहीं मिलने से पैदल चलना मजबूरी

पुराना बस स्टैंड रोड निवासी रामपाल ने बताया कि वह अक्सर इंदौर बसों से ही आना जाना करते हैं। व्यावसाय के चलते कई बाद देर हो जाती है। ऐसे में उन्हें सुबह इंदौर जाने के लिए करीब 6 बजे सैकड़ाखेड़ी बायपास पर खड़ा होना पड़ता है। वहीं रात के समय 11 बजे के बाद बसें सैकड़ाखेड़ी बायपास पर उतार देती है। यहां से शहर में आने के लिए कोई ऑटो, रिक्शा नहीं मिलते हैं। ऐसे में पैदल ही आना पड़ता है। कभी जब साथ में नगदी रुपए यदि ज्यादा रहते हैं तो अपने दोस्तों व परिजनों को बायपास बुलाता पड़ता है। तब यहां से बह घर पहुंच पाते हैं।

### बायपास की दूरी अधिक होने से बना रहता है खतरा

रात के समय में सैकड़ाखेड़ी बायपास और क्रिसेंट चौराहा से शहर तक करीब दो से तीन किमी का सफर रहता है। इस दौरान शहर तक आने के लिए यहां की रोड पूरी तरह से सुनसान रहती है। इन सड़कों पर कोई चहल पहल नहीं रहती है। इसके कारण लोगों को रात में इस पर आने जाने से खतरा रहता है। विशेषकर अकेली महिलाएं यदि इंदौर, भोपाल से लेटनाइट सफर करके आती हैं तो उनकों अपने परिजनों को बुलाना ही पड़ता है। इसी तरह अन्य लोगों को भी अपने पास लगेज सहित अन्य सामान अधिक होने पर मदद का सहारा लेना पड़ता है।

## न्यायाधीश ने जेल का किया निरीक्षण बंदियों की समस्याओं को सुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला न्यायाधीश और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार दांगी ने जिला जेल का निरीक्षण और विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार दांगी ने बंदियों से चर्चा की। साथ ही उनके मामले के बारे में जानकारी प्राप्त की और उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्ति और अपील प्रस्तुति के बारे में बताया। उन्होंने अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना और लीगल एंड डिफेंस काउंसिल योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बंदियों की समस्याओं को सुना और परामर्श दिया। महिला सेल का निरीक्षण कर महिलाओं और उनके साथ निवास कर रहे बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान ने निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही ऐसे बंदियों के बारे में जानकारी ली गई। जिनकी अपील प्रस्तुत की जाना है। विधिक सहायता से अधिवक्ता की आवश्यकता है और जमानत आदेश के होने के बाद भी जेल में निरूद्ध है।

### जनवरी अंत में एटीकेटी की परीक्षाएं

**सीहोर** । 2021 से पहले तक सेमेस्टर सिस्टम में शामिल बीबीए, बीसीए जैसे कोर्स की बची हुई सभी एटीकेटी परीक्षाएं जनवरी अंत में करवाई जाएंगी। पहले, तीसरे और पांचवे सेमेस्टर की इन एटीकेटी परीक्षाओं में वे छात्र शामिल होंगे जो ओल्ड एजुकेशन पॉलिसी में शामिल थे और इनके सभी 6 सेमेस्टर पूरे हो चुके हैं। लेकिन इन छात्रों को पहले, तीसरे या पांचवे सेमेस्टर में किसी एक में एटीकेटी आई थी। चूंकी दोनों कोर्स में ओल्ड एजुकेशन पॉलिसी खत्म हो चुकी है, इसलिए इन छात्रों का भविष्य संकट में था। छात्रों की परेशानी को देखते हुए उच्च शिक्षा ने यह फैसला लिया है। जनवरी के अंत में परीक्षा होगी।

## खबर संक्षेप

### चापड़ा चौराहे पर कार अनियंत्रित होकर पिलर से टकराई



**चापड़ा।** चौराहे पर बने पिलर से एक कार अनियंत्रित होकर टकरा गई। हालांकि इसमें कोई जनहानि नही हुई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह के समय कन्नौद से इंदौर की ओर जा रही कार चापड़ा चौराहे पर बागली की ओर से आ रहे अन्य वाहन को बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर चापड़ा चौराहे पर बने ओटले से टकरा गई। जिस वजह से कार क्षतिग्रस्त हो गई,हालांकि इसमें किसी भी प्रकार की जनहानि नही हुई।

### डीजे संचालकों ने कलेक्टर कार्यालय में दिया ज्ञापन



**देवास।** पिछले दिनों मध्य प्रदेश सरकार ने डीजे साउंड को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। इस गाइडलाइन का विरोध करते हुए देवास शहर के डीजे संचालकों ने बुधवार को भोपाल चौराहे पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी कर कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।डीजे संचालकों ने बताया कि नई गाइडलाइन के अनुसार साउंड का डेसिमल बहुत कम करवा दिया गया है ऐसे में कोई शादियों में डीजे ही नहीं बुक करेगा। ऐसे में हमारा जीवन यापन करना मुश्किल हो जाएगा। यदि जल्द ही हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती तो हम अपने सभी डीजे की गाड़ियों को लेकर भोपाल जाएंगे और जब तक हमारी मांगों का निराकरण नहीं होता तब तक वहीं रहेंगे। झुझारसिंह देवास डीजे संचालक ने बताया कि प्रतिबंध को लेकर हम आवेदन देने आए थे।भोपाल जाएंगे और जब तक हमारी मांगों का निराकरण नहीं होता तब तक वहीं रहेंगे। झुझारसिंह देवास डीजे संचालक ने बताया कि प्रतिबंध को लेकर हम आवेदन देने आए थे।फिलहाल शादियों में हमें डीजे नहीं बजाने दिया जा रहा है और परमिशन लेकर आने की बात कही जाती है। परमिशन लेने जाओं तो वह मिलती नहीं है हमें बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हम विधायक के पास भी गए थे उसके बाद कलेक्टर को आवेदन देने पहुंचे है।

### नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में रेड रिबन कार्यशाला का किया आयोजन

**देवास।** जिला अस्पताल के नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में रेड रिबन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विष्णुलता उईके, जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ शिवेन्द्र, जिला उज्जैन के रेड रिबन क्लब प्रभारी उपस्थित हुए। कार्यशाला में डॉ. शिवेन्द्र मिश्रा ने पीपीटी के माध्यम से एचआईवी एड्स तथा एचआईवी एड्स अधिनियम 2017 तथा रक्तदान एवं टीबी से संबंधित तकनीकी जानकारियां रेड रिबन क्लब प्रभारियों को दी। कार्यशाला में ज्ञान सिंह मालवीय ने ईएमटीसी कार्यक्रम की जानकारी दी तथा लेब टेक्नीशियन महेन्द्र सिंह जादौन ने एचआईवी/सिफलिस, हेपेटाईटिस बी-सी एवं जिला एआरटी केन्द्र परामर्शदाता द्वारा एआरटी केन्द्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जिला डापकू/दिशा शोभी गुप्ता द्वारा किया गया।

### श्रीमद देवी भागवत कथा 23 दिसंबर से

**देवास।** विश्व कल्याण, सुख समृद्धि एवं चहुओर शांति की कामना को लेकर देवी भक्तो द्वारा श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। पं. राजेन्द्र दुबे (जय शिव) ने बताया कि दर्जी समाज धर्मशाला मोती बंगला में 23 से 29 दिसम्बर तक पं. महेश गुरुजी उज्जैन वाले के मुखारविंद से होने वाली श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ 23 दिसम्बर को शिव मंदिर कोठी रोड से दोपहर 1 बजे कलश यात्रा के साथ होगा।

#### निगम में एमआईसी सदस्य व राजस्व अधिकारी के बीच हुआ विवाद

# सत्ताधारी पार्षदों ने अपनी ही संस्था के कर्मचारियों पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

निगम में एमआईसी सदस्य व राजस्व अधिकारी के बीच हुआ विवाद, गहमा गहमी के बाद निगम कर्मचारी हुए लामबंद, दोनों पक्षों ने कोतवाली थाने पहुंचकर दिया आवदेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम में किसी ना किसी विषय को लेकर आए दिन विवाद होते रहते हैं। बुधवार नगर निगम में बीजेपी पार्षद एमआईसी सदस्य शीतल गेहलोत व राजस्व अधिकारी प्रदीप शास्त्री के बीच नामांतरण की फ़ाइल को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद गहमा गहमी के माहौल के बाद नगर निगम कर्मचारियों ने लामबंद होकर निगम का काम बंद कर दिया और एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। इधर पार्षदों ने एकत्रित होकर भ्रष्टाचार के पोस्टर सम्पत्ति नामांतरण में भ्रष्टाचार से जुड़े छपवा लिए और निगम में ही बहुत देर तक विरोध किया। पार्षदों ने नगर निगम में कर्मचारियों को पर फूल न्यौछावर कर व माला पहनाकर विरोध जताया। उसके बाद पार्षद व नगर निगम कर्मचारियों का एसपी कार्यालय जाते समय आमना सामना हुआ। जिसमें विरोध स्वरूप दोनों से ओर से नारेबाजी की गई। पार्षदों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया से इसकी शिकायत की।

इसी बीच नगर निगम के कर्मचारियों ने पार्षद के खिलाफ अभद्रतापूर्ण व्यवहार करने को लेकर कोतवाली में आवेदन दिया। पार्षदों ने भी कर्मचारियों के विरुद्ध काम ना किए जाने व अभद्र व्यवहार को लेकर आवेदन सौंपा है। दोनों विषय के बाद कोतवाली टीआई दीपक यादव ने कहा फ़ाइल आगे ना बढ़ाये जाने व पेमेंट से जुड़ा विवाद था। जिसको लेकर दोनों के आवेदन लिए गये है। पार्षद व निगम कर्मचारियों के उच्चाधिकारियों से चर्चा कर जांच की जाएगी उसके बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। ज्ञात हो की प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सम्पत्ति नामांतरण में शीघ्रता और पारदर्शिता लाने हेतु अपनी पहली बैठक में ही निर्णय लेकर आदेश जारी किया था। उसी के बाद निगम में नामांतरण में भ्रष्टाचार का विवाद सामने आया हैं। घटना के बाद राजस्व अधिकारी प्रदीप शास्त्री ने अपना पक्ष रखते हुए कहा की एमआईसी सदस्य शीतल गेहलोत ने दो तीन पहले दो कालोनियों के खाते खुलवाने को लेकर फ़ाइल मुझे दी थी। उसी फ़ाइल की जानकारी को लेकर मेरे पास आए थे जिन्हें मेरे द्वारा डीसी लता अग्रवाल को दे दिया गया था। लेकिन गेहलोत का कहना था कि तुम पैसे खाते हो। उन्होंने कमरा बन्द कर मेरे ऊपर हाथ उठाने का प्रयास किया और अभद्र भाषा को प्रयोग किया। इस विवाद को लेकर सभी कर्मचारी साथी हमारे साथ मे हैं। शास्त्री का कहना था कि कुछ पार्षद हमसे अवैध काम करवाने के लिए दबाव बनाते है। घटना की शिकायत हम कोतवाली में दर्ज कराएंगे। घटना की जानकारी हमने डिप्टी कमिश्नर पुनीत शुक्ला को दे दी हैं।




### निगम बंद का फैसला वापस लिया

मामले में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि प्रशासनिक अमले और जनप्रतिनिधियो का चोली दामन का साथ होता है। दोनों ही पक्षों को लेकर बैठक की गई हैं। निगम कर्मचारी,यूनियन के सदस्यों को समझाया गया। जिसके बाद कर्मचारियों द्वारा निगम बन्द के आह्वान को वापस लिया गया। नामांतरण में पारदर्शिता और शीघ्रता लाने हेतु अग्रवाल ने सीएम के नामांतरण के शीघ्र आदेश की घोषणा को ध्यान में रखते हुए कहा की उनके नए आदेश के प्राप्त होने पर अक्षरसः पालन किया जाएगा। साथ ही निगम की लड़ाई को सर्वाजनिक करने की जाए निगम परिसर में ही बैठकर हल करने की बात कही। वहीं व्यक्तिगत लड़ाई को सामूहिक लड़ाई का स्वरूप न देने की बात कही। साथ ही भविष्य में इस प्रकार का विवाद होने पर निगम कार्यालय को बंद नहीं करने की भी चेतावनी दी गई। विवाद के दौरान निगम अधिकारी नदारद रहे विवाद के दौरान निगम कमिश्नर रजनीश कसेरा 22 दिसंबर तक अवकाश पर होना बताया गया। वहीं डिप्टी कमिश्नर लता अग्रवाल भी अवकाश पर थीं। ऐसे में विवाद निगम परिसर में सीमित न रहकर सार्वजनिक हो गया। दोनों पक्षों की ने अपनी कार्रवाई केवल आवेदन तक सीमित रखी।

दूसरे पक्ष से एमआईसी सदस्य शीतल गेहलोत का कहना है कि प्रदीप शास्त्री द्वारा लगाए आरोप ग़लत हैं। चूंकि में जनप्रतिनिधि हूं, मेरी जवाबदारी है जनता के काम को करवाना जिसको लेकर पिछले हफ्ते प्रदीप शास्त्री को फ़ाइल दी थी उसी की जानकारी के लिए मैने उनसे बात की थी और मेरे सहायक को फ़ाइल की वस्तु स्थिति मालूम करने के लिए उनके पास भेजा था जिस पर उनके द्वारा मेरे सहायक से अभद्रता की गई और उनका कहना था कि नेतागिरी करोगे तो क्या फ़ाइल हो जाएगी। गेहलोत ने आरोप लगाते हुए कहा कि शास्त्री भ्रष्टाचार करना चाह रहे हैं। उनको फ़ाइल नामांतरण करने के पैसे चाहिए। हमने घटना को महापौर, सभापति और विधायक सभी को अवगत करा दिया हैं।

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय और आवासों का किया निरीक्षण

### निर्माण कार्य में गुणवत्ता के दिए निर्देश



**देवास।** निर्माण क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय एवं शासकीय आवासों का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। संबंधित अधिकारी समय-समय पर निर्माण कार्य का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि नवीन कलेक्टर कार्यालय एवं शासकीय आवासों का निर्माण नवम्बर 2024 तक पूर्ण करने की समय-सीमा तय है। निर्माण एजेंसी द्वारा जून 2024 तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। जिस पर कलेक्टर गुप्ता ने निर्माण ऐजेंसी को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं होना चाहिए, गुणत्त्वापूर्ण निर्माण कार्य किया जाये। गुप्ता ने शासकीय आवासों के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि सीपेज की समस्या नहीं चाहिए। वॉटर प्रूफिंग, स्लोप मेन्टेन, पानी लीक न हो, गार्डन, पार्किंग, कम्यूनिटी हाल के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि शासकीय आवासों की छत पर टीन शेड लगाये। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि 62 शासकीय आवास बनाये जा रहे है। जिसमें जी प्रकार के 24, एच प्रकार के 24, एफ प्रकार के 12 और ई प्रकार के 02 शासकीय आवास बनाये जा रहे है। कलेक्टर गुप्ता ने निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर कार्यालय का ले-आउट प्लान देखा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पार्किंग संबंधी निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि पार्किंग बैसमेंट में पानी नहीं भरे ऐसी व्यवस्था करें। मीटिंग के लिए बड़ा हाल बनाये। मीटिंग हाल में पिल्लर नही हो, दो वीसी रूम बनाये जाये और छत पर टीन शेड लगाया जाये।साथ ही निर्देश दिये कि ऑफिस शिफ्टींग के लिए अभी से प्लान बनाये। जितने भी शासकीय विभागों के कार्यालय अभी बाहर है सभी कलेक्टर कार्यालय में शिफ्ट किये जायेंगे। किस विभाग को कितनी जगह लगेगी इस संबंध में प्लानिंग कर लें ताकि प्लान के हिसाब से निर्माण कार्य कराया जा सकें।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम 21 दिसंबर को

**देवास।** कार्यपालन यंत्री शहर संभाग मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड देवास ने बताया कि 21 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से दोपहर 02 बजे तक विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम का आयोजन वृत्त स्तर पर गठित टीम द्वारा किया जाएगा। फोरम का आयोजन कार्यपालन यंत्री शहर संभाग मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड आनंदबाग परिसर एबी रोड देवास पर होगा। उपभोक्ता की विद्युत संबंधी शिकायतों का निवारण किया जाएगा।

# साइकलिंग प्रतियोगिता में पांच साइकिलिस्ट देवास के

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में लोगों का स्वास्थ्य के प्रति रुझान पिछले कुछ वर्षों में और अधिक बड़ा है। खासतौर पर रनिंग और साइकलिंग के प्रति पिछले दो वर्षों में लोगों की रुचि बहुत बड़ी है। सर्दी हो या बारिश लोग सवेरे रनिंग वह साइकलिंग करते हुए नजर आते हैं। हंड्रेड डेज ऑफ़ रनिंग एंड साइकलिंग (एच डी ओ आर) एक वर्चुअल प्लेटफार्म है जिसके द्वारा 100 दिन की साइकलिंग इवेंट प्रतिवर्ष करवाई जाती है, जिसमें विश्व भर से हजारों लोग शामिल होते हैं। इस वर्ष यह प्रतियोगिता 7 सितंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित की गई।

जिसमें लगभग 3000 साइकिलिस्ट ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश से शीर्ष 11 में साइकिलिस्ट में प्रथम स्थान सहित पांच साइकिलिस्ट देवास शहर से रहे। साइकिलिस्ट आशीष गुप्ता ने 100 दिन में 7501 किलोमीटर साइकिल चलाकर 34699 पॉइंट हासिल किये व प्रथम स्थान प्राप्त किया। साइकिलिस्ट हेमंत वर्मा ने 100 दिन में 7608 किलोमीटर साइकिल चलाकर 32698 पॉइंट अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विमल बाजपेई ने 28249 पॉइंट अर्जित कर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया। साइकिलिस्ट कृष्णपाल सिंह राठौड़ 27961 पॉइंट अर्जित कर प्रदेश में नया स्थान प्राप्त किया। साइकिलिस्ट अजय पंडित ने 26195 पॉइंट अर्जित कर प्रदेश में 11वा स्थान प्राप्त किया।साइकिलिस्ट आशीष गुप्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 14वें स्थान पर रहे व हेमंत वर्मा की अंतरराष्ट्रीय रैंक 24 रही। साइकिलिस्ट हेमंत वर्मा ने आखिरी के 20 दोनों में 2500 किलोमीटर साइकिलिंग की। साइकिलिस्ट आशीष गुप्ता ने आखिर के 20 दिन में 3253 किलोमीटर साइकिलिंग की जिसमें ऑडेक्स द्वारा आयोजित बीआरएम राइड 200 किलोमीटर 9 घंटे में, 300 किलोमीटर 15 घंटे, में 400 किलोमीटर 24 घंटे में और 600 किलोमीटर की राइड और 38घंटे 36 मिनट में समाप्त की और दोबारा एस आर उपाधि प्राप्त की। इन सभी साइकिलिस्ट को देखकर शहर के कई लोग साइकिलिंग से जुड़ चुके हैं और प्रतिदिन साइकलिंग कर रहे हैं। हेमंत वर्मा देवास साइकलिंग क्लब के डायरेक्टर है व आशीष गुप्ता देवास जिला साइकलिंग एसोसिएशन के प्रेसिडेंट हैं।

इन दोनों साइकिलिस्ट ने पिछले कुछ वर्षों में कई आयाम हासिल कीये हैं और सैकड़ो लोगों को साइकिलिंग से जोड़ा है। इस अवसर पर देवास फिटनेस लवर्स के संस्थापक प्रद्युमन सिंह राठौड़,स्वप्निल वर्मा,विनोद पटेल, अभिषेक लाठी, सचिन शर्मा, मोहिते व अन्य सदस्यों ने सभी विजेताओ साइकिलिस्ट का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया।

# सीएम राइज स्कूल को लोकनृत्य समूह में मिला तृतीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में सीएम राइज स्कूल शा. मॉडल उ.मा.वि. देवास के विद्यार्थियों ने लोकनृत्य समूह में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र बंसल ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष बालरंग महोत्सव का आयोजन किया जाता है। जिसमें विद्यालय स्तर से आरम्भ होकर विकासखंडस्तर, जिलास्तर तथा सम्भाग स्तर पर प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर पर भोपाल में अपनी प्रस्तुति देते है। सीएम राइज स्कूल देवास के विद्यार्थियों ने निरन्तर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोकनृत्य (वरिष्ठ समूह) में जिला एवं सम्भाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 19 दिसम्बर को इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय श्यामला हिल्स परिसर भोपाल में राज्य स्तरीय आयोजन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालरंग की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक सम्भाग से एक टीम सम्मिलित हुई थी। उज्जैन सम्भाग की टीम का प्रतिनिधित्व सीएम राइज स्कूल देवास ने किया। उल्लेखनीय है कि देवास जिले ने बालरंग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लोकनृत्य में पहली बा रपुरस्कार प्राप्त किया है।

#### जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में आयोजित किए गए शिविर

# पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विभागों ने लगाया स्टॉल




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविरपात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विभिन्न विभागों ने लगाया स्टॉल देवास। जिले में ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ का आयोजन ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर किया जा रहा है। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' अंतर्गत जिले में ग्राम पंचायत साबुखेडी, जटाशंकर, अरलावदा, जागठा, डांगरखेडा, कणांबुजुर्ग सहित अन्य ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए स्टॉल लगाकर आवेदन लिए गये। ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ अंतर्गत आयोजित शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों को केन्द्रीय योजनाओं लाभ दिलाया जा रहा है। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में ग्राम पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता की गतिविधियाँ संचालित की जा रही है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में ग्रामीण इलाकों में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामत्वि, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टलाइजर, अटल पेंशन योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलो इंडिया, उड़ान, वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को चिंहित कर लाभान्वित किया जा रहा है।

### संकल्प यात्रा को लेकर परिषद में हुई बैठक



**चापडा।** केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर विधानसभा अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हो रहा है। इसी के अंतर्गत 27 दिसंबर को यात्रा बागली नगर पहुंचेगी। जिसको लेकर बुधवार के दिन नगर परिषद बागली में अध्यक्ष सीमा कमल यादव, उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे, कमल यादव, सीएमओ महेश कुमार शर्मा की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। जिसमें संकल्प यात्रा को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान किस प्रकार से पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए साथ ही किस प्रकार से नगर में संकल्प यात्रा का आयोजन होगा। इन सभी एवं यात्रा से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। गांधी चौक पर यात्रा के दौरान चौपाल सभा का भी आयोजन होगा। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि कमल जायसवाल, किशोर गुजराती,मुकेश चौबे, पार्षद अमित धूलिया ,पार्षद श्रीमती मनीषा खैरवाल, पार्षद प्रतिनिधि पवन राठौड़, रजत बजाज, मोतीलाल पटेल, सूर्य प्रकाश गुप्ता,लखन सोनी, अनु सिसोदिया, शंकर भंवरा सहित नगर परिषद कर्मचारी एवं नगर के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## नपाध्यक्ष प्रतिनिधि बोले नहीं चलेगी मनमानी

### नार्मल महिला को कर दिया भोपाल रेफर, निजी अस्पताल में हुई नार्मल डिलेवरी

# डॉ जैन करने लगे मनमानी नार्मल प्रसूता को किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



शहर का सिविल अस्पताल आए दिन अपनी अर्थव्यवस्थाओं को लेकर सुर्खियों में बना रहता है। रोजाना सिविल अस्पताल में मरीज को असुविधाओं को सामना भी करना पड़ रहा है। लेकिन अस्पताल की व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रही है। सिविल अस्पताल में स्टाफ की मनमानी लगातार चल रही है। अस्पताल में पहली अव्यवस्थाओं की शिकायत मिलने पर सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर से चर्चा की चर्चा के दौरान नार्मल डिलेवरी को रेफर करने पर कुशवाह ने अपने कड़े शब्दों में आरके जैन को फटकार लगाते हुए कहा कि तुम्हारी मनमानी की लगातार शिकायत मिल रही है। नॉर्मल डिलीवरी को गंभीर बताकर रेफर कर देते हो और वो दूसरे अस्पतालों में नॉर्मल तरीके से प्रसव हो जाता है। इस तरह को मनमानी को बंद करें नहीं तो अपना इस्तीफा दें।

### संसाधन की कमी हो तो बताएं

कुशवाह को एक नॉर्मल डिलेवरी को रेफर करने की शिकायत मिली थी। उसी को लेकर उन्होंने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों को हिदायत दी और कहा आगे से इस तरह की शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई करवाई जाएगी। इस बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे। कोई संसाधन की कमी हो तो हमें बताएं। बतादें की सिविल अस्पताल में स्टॉफ द्वारा अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ अभद्रता की जाती है। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कलेक्टर और सीएमएचओ से पत्र लिखकर शिकायत कर करवाई करने की बात कही।

### गाइडलाइंस के अनुसार रेफर किया जाता है

इस मामले में महिला का बीपी बढ़ा हुआ था। फिर भी हमने चिकित्सकों को हिदायत दी है कि यहां डिलेवरी के हर संभव प्रयास किए जाएं। संबंधित चिकित्सक से भी इस बारे में जानकारी मांगी है। गाइडलाइंस के अनुसार रेफर किया जाता है।

**डॉ. सोरिन दत्ता, प्रभारी सिविल अस्पताल ब्यावरा**

### आवेदन देने जाऊंगा...

आज जाकर कलेक्टर एवं सीएमएचओ को कल शिकायत आवेदन देने जाऊंगा।

**पवन कुशवाह, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि**

## नाबालिग को जबर्दस्ती उठा ले गया था आरोपी

# स्कूल में हुआ था दुष्कर्म आरोपी को 15 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



साल 2021 में स्कूल के टॉयलेट में ले जाकर एक नाबालिग से दुष्कर्म किया गया था। इस मामले में अब तमाम सबूतों एवं साक्ष्यों पर न्यायालय ने आरोपी को 15 साल 6 महीने के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं आरोपी पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है। जिला लोक अभियोजन अधिकारी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि 9 अगस्त 2021 को रात्रि करीब 11 बजे 16 वर्षीय किशोरी अपने घर के बाहर बने बाथरूम में टॉयलेट के लिए गई हुई थी। उसी समय आरोपी उम्र 28 साल निवासी संकट मोचन कॉलोनी नाबालिग को जबर्दस्ती हाथ पकड़कर समीप के एक स्कूल के बाथरूम में ले गया और उसके साथ दुराचार करके बाथरूम में ही बंद करके भाग गया। सुबह जब परिजन बालिका को खोजते हुए स्कूल पहुंचे तो वहां बाथरूम में पीड़िता मिली। पीड़िता ने अपने साथ हुई पूरी घटना परिजनों को बतलाई।

इस मामले में राजगढ़ कोतवाली में आरोपी पर धारा 363, 366, 376, 506, 342 भादंवि एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से 10 लोगों ने गवाही दी। विचारण उपरान्त विषेष न्यायाधीष पॉक्सो एक्ट अब्दुल कदीर मंसूरी ने आरोपी को दोषी पाते हुए सभी धाराओं में कुल मिलाकर 15 साल 6 महीने की सजा सुनाई है। वहीं, मप्र पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत पीड़िता को 1 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति दिए जाने के आदेश भी दिए गए हैं।

## शिकायत के बाद जिलाधीश ने किया जांच दल गठित

# अपात्र हितग्राही को दिया नगर परिषद ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर




नगर परिषद द्वारा राजनीतिक संरक्षण के चलते अपात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाना और पात्र व्यक्ति पीएम आवास योजना का लाभ पाने के लिए दफ्तर-दफ्तर चक्कर लगाना ऐसी खबरें समाचार पत्रों में पढ़ने को मिल ही जाती हैं। ऐसा ही एक मामला नगर के वार्ड क्रमांक -10 का सामने आया था, जिसमें वास्तविक जानकारी को छिपाकर हितग्राही मनीषा पति राकेश जायसवाल, रतन लाल पिता नारायण जायसवाल, रामकुमार पति उमेश जायसवाल, पुष्पा बाई पिता रतनलाल जायसवाल ने वास्तविक जानकारी को छुपाकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लिया था। प्रथम किस्त ही हितग्राहियों के खाते में डल पाई थी कि तभी वार्ड 14 के पवन जायसवाल ने आपत्ती लेते हुए शिकायत की थी कि वार्ड क्रमांक 10 के उक्त चारों हितग्राहियों को नगर परिषद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है जो गलत है, तभी से जांच जारी है।

पहले भी एक दो बार विभागीय जांच हुई थी, लेकिन अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं हुई। शिकायतकर्ता ने वरिष्ठ कार्यालयों में भी इस मामले को लेकर शिकायत की थी, जिस पर जिला कलेक्टर ने एसडीएम अंकिता जैन खिलचीपुर की अध्यक्षता में इकरार अहमद मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सुठालिया, जितेंद्र विजयवर्गीय उपयंत्री नगर परिषद राजगढ़, दुर्गेश राठौर राजस्व निरीक्षक भू अभिलेख कार्यालय राजगढ़ शामिल है।

## डीजे संचालकों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# निर्धारित मापदंडों के अनुसार डीजे संचालित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



बुधवार को डीजे संचालकों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। क्षेत्र में निर्धारित मापदंड के अनुसार डीजे के संचालन की अनुमति देने की मांग की। दरअसल, राज्य सरकार के आदेश के बाद धार्मिक और अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदंड अनुसार ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए थे। जिसमें डीजे की विधिवत अनुमति लेकर निर्धारित मापदंड का पालन करने के निर्देश दिए थे।

जिसको लेकर डीजे संचालकों ने बुधवार मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि शासन ने डीजे संचालन के लिए जो नियम बनाए है, उसके कारण हमारी रोजी-रोटी पर असर पड़ रहा है। हम बैंक से लोन लेकर डीजे का व्यापार कर रहे है। ऐसे में यदि शासन ने सख्ती की, तो हम बैंक का लोन नहीं भर पाएंगे। इससे परिवार की रोजी-रोटी पर भी संकट आ जाएगा। इसलिए मुख्यमंत्री से ज्ञापन के माध्यम से डीजे बजाने की अनुमति देने की मांग की। इस दौरान क्षेत्र के सभी डीजे संचालक मौजूद रहे।

## आजाद अध्यापक संगठन ने किया सम्मानित

# उज्जैन में आयोजित कबड्डी व रेस स्पर्धा में पाए गोल्ड मेडल



**राजगढ़।** राज्य स्तरीय मास्टरगेम प्रतियोगिता का आयोजन गत दिवस महानंदा एरिना ग्राउण्ड उज्जैन में किया गया। इस प्रतियोगिता में आगर जिले के तुलसीराम प्रजापति उम्र 62 वर्ष ने 200 एवं 100 मीटर रेस में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, तुलसीराम के पुत्र आजाद अध्यापक संघ के संभागीय उपाध्यक्ष विजय प्रजापति ने कबड्डी स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल पाया। इसके साथ ही उन्होंने 200 मीटर स्प्रिंट रेस में प्रथम स्थान एवं 400 मीटर रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया। राजगढ़ पहुंचने इष्टमित्रों, परिजनों व खेलप्रमियों द्वारा विजय प्रजापति का भावभीना स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भगवान सिंह गुर्जर, संघ जिलाध्यक्ष रमेश मालवीय, दौलत वर्मा, राधे जाटव, गोविंद पिपलोटिया, अनिल पिपलोटिया, शमीम अहमद, लक्ष्मीनारायण भिलाला, जगदीष भलवाला, जगदीष वर्मा, राजेंद्र वर्मा, रामगोपाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधायक चंद्रवंशी की दादी के निधन पर शोक सभा आयोजित




**कालापीपल।** विधानसभा के विधायक घनश्याम चंद्रवंशी की दादी मां की आकस्मिक मृत्यु पर शोकसभा का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 दिसंबर को उनकी दादी भागवंती देवी चंद्रवंशी का निधन सलकनपुर में हो गया था। इस हेतु विधानसभा वासियों की सुलभता को देखते हुए कालापीपल स्थित प्रताप गार्डन में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संपूर्ण विधानसभा वासी और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर मृत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की।

## रामलला के दर्शन करने पैदल अयोध्या जा रहे यात्री का किया स्वागत



**राजगढ़।** गुजरात के अहमदाबाद निवासी विश्व हिन्दू परिषद कार्यकर्ता भव्य पटेल पैदल ही अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन के लिए जा रहे हैं। अपने हाथ में हनुमानजी का ध्वज लेकर अयोध्या जा रहे इस भक्त के बारे में जब स्थानीय लोगों एवं विहिप सदस्यों को मालूम हुआ हुआ स्वागत, सत्कार करते हुए केके मेमोरियल स्कूल में रात्रि विश्राम की व्यवस्था करवाई गई। यात्री भव्य पटेल ने बताया कि वे रोजाना 30 से 40 किमी का सफल पैदल तय करते हैं। स्कूल के बच्चों ने जब भव्य से पूछा कि आप अयोध्या में इतने अधिक किमी का सफल पैदल कैसे तय करेंगे। इस पर उनका कहना था कि प्रभु श्रीराम ही शक्ति प्रदान कर रहे हैं और आगे भी करेंगे। इस अवसर पर विहिप जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, उपाध्यक्ष सुजान गुर्जर, जिला मंत्री आशीष मेवाड़े, सागर मेवाड़े, संतोष राणा सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## पिछले दिनों जीरापुर में सामने आया है धर्मांतरण का मामला

# जिले में चल रहे धर्मांतरण रैकेट की जांच के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



एक हफ्ते पहले जीरापुर नगर में एक हिन्दू महिला के जबरन धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया था। महिला का पति स्वयं धर्मपरिवर्तन के लिए दबाव बना रहा था। पुलिस ने इस मामले में पति पर तो मामला दर्ज कर लिया है लेकिन धर्म परिवर्तन के लिए उकसान वाले व्यक्ति पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में संबंधित षणयंत्रकारी पर कार्रवाई की मांग को लेकर विष्व हिन्दू परिषद एवं हिन्दू समाज संगठन के प्रतिनिधियों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की।

इस दौरान जिले में चल रहे धर्म परिवर्तन रैकेट की जांच एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का ज्ञापन एसपी मीणा को सौंपा गया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, उपाध्यक्ष सुजान गुर्जर, हिंदू चेतना मंच अध्यक्ष बृजमोहन सरावत, आशीष मेवाड़े, बृजकिशोर, लक्ष्मीनारायण तंवर, सागर मेवाड़े, रमेश कारपेंटर, संतोष राणा सहित अन्य उपस्थित थे।

## रजक समाज में मनाई समाज के पितृ पुरुष संत गाडगे की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय रजक समाज द्वारा समाज के आराध्य संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ समाज सेवी बाबुलाल रजक ने कहा कि संत गाडगे बाबा भारत मे स्वच्छता के जनक उन्होंने देश को स्वच्छ बनाने के लिए अनेकों कार्य किए। संत गाडगे बाबा ने भूखे को अन्न दो प्यासे को पानी पिलाओ वस्त्रहीन लोगों को वस्त्र दो गरीबों के बच्चों को शिक्षा में मदद करो हर गरीब शिक्षित बने जिससे देश समृद्ध व शक्तिशाली बने। साथ ही कहा कि स्वच्छता के जनक कोई गाँधी मोदी नही बल्कि बहुजन समाज उद्धारक संत गाडगे ही थे। इस दौरान लक्ष्मी नारायण बाबूलाल, मूलचंद कमल राधेश्याम देवनारायण संदीप विकास मकवाना सहित अन्य समाज जन उपस्थित थे।

# श्रीराम के जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर




नगर में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला के भव्य एवं दिव्य प्राण-प्रतिष्ठा वा मंदिर उद्घाटन जो की जनवरी को होना है उसके आमंत्रण के लिए पूजित अक्षत कलश यात्रा बुधवार को विश्वहिंदू परिषद के तत्वधान में चाठा कुंडी बालाजी मंदिर पहुंची जहा पर पंडितजी द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार से कलश की पूजा अर्चना कर आरती की। इस अवसर पर संत त्यागी महाराज, वल्लभ दासजी महाराज भिंड वाले, सुश्री आकांक्षा दुबे प्रांतीय सदस्य,खंड संघचालक जगदीश राठौर, विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष सुजान गुर्जर,बजरंग दल जिला संयोजक सोनू शर्मा, जिला मंत्री आशीष मेवाडा तथा संघ व विश्वहिंदू परिषद् बजरंगदल के खंड प्रखंड के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता के रूप में राष्टीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कृषक कार्य प्रमुख हरिसिंह राठौर ने श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या के इतिहास और हिंदू समाज के संघर्ष के बारे में अपने वक्तव्य में बताया तत्पश्चात मंदिर से भव्य कलश की शोभा यात्रा ढोल डिजे और आतिशबाजी चलाते हुऐ प्रारंभ हुई। यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से निकली गई जहा पर राम भक्तो ने पूजा अर्चना की साथ ही यात्रा जिस मार्ग से गुजरी वहा लोगो ने पुष्पवर्षा की यात्रा में भक्त जय जय श्रीराम के गगन भेदी नारे लगाते चल रहे थे। यात्रा नगर भ्रमण कर पुनः बालाजी मंदिर पहुंची जहा से अक्षत कलश ग्रामीण क्षेत्रों के लिऐ भेजे गए। उक्त यात्रा के माध्यम से अयोध्या में नूतन मंदिर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम उद्घाटन में राम भक्तो को आमंत्रण देना है। कार्यक्रम में आए हिंदू समाज, कार्यकर्ता, मातृशक्ति का आभार विश्वहिंदू परिषद् के प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह गुर्जर ने व्यक्त किया।

# रघुवंशी युवा संघ करेगा प्रतिभाओं का सम्मान

**अशोकनगर।** प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी रघुवंशी युवा संघ अशोकनगर द्वारा समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह का कार्यक्रम किया जा रहा है इसके लिए दिनांक 25 दिसंबर को स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। युवा संघ का मुख्य उद्देश्य इस कार्यक्रम के माध्यम से सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता कराता है। इस कार्यक्रम में ऐसे छात्र-छात्राओं जिन्होंने कक्षा दसवीं या 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80: अंक या से अधिक प्राप्त किए हो खेलकूद अथवा अन्य गतिविधियों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की हो या किसी शासकीय सेवा में चयनित हुए हो उन्हें सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं को अपने दस्तावेज व फॉर्म जमा करने की हेतु स्थान सुनिश्चित किया गया है ऐसे एवं ऑनलाइन नंबर जारी किए गए हैं जिसका सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। गौरतलब है कि रघुवंशी युवा संघ द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन विगत 9 वर्षों से किया जा रहा है और इस वर्ष दसवां कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है रघुवंशी समाज के इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि ग्रामीण क्षेत्र में रघुवंशी समाज की साक्षरता दर अधिक है एवं बोर्ड परीक्षाओं में प्रतियोगी परीक्षार्थियों, शासकीय सेवा में चयन परीक्षा में न सिर्फ रघुवंशी समाज के बेटे बल्कि बेटियां भी बढ़कर हिस्सा ले रही है। प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जगन्नाथ सिंह रघुवंशी विधायक चंदेरी, विशिष्ट अतिथि मदन सिंह रघुवंशी एसडीम, देवेंद्र सिंह रघुवंशी मैनेजर एसबीआई उपस्थित होंगे। रघुवंशी युवा संघ जिला अध्यक्ष विनोद रघुवंशी एवं समस्त टीम ने अधिक से अधिक समाज जनों को उपस्थित होने की अपील की है।

**खबर संक्षेप**

### फसल में जड़ महू रोग लगने से किसानों की बढ़ने लगी चिंता

**आष्टा।** किसानों ने रबी सीजन में पानी की कमी के चलते कम ही गेहूं की बोवनी की है। लेकिन इसमें जड़ महू रोग लग गया है। इसके चलते क्षेत्र के किसान चिंतित हैं। रोग के कारण फसल सूखने लगी है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को समय पर पानी नहीं मिलने से मुश्किलें और बढ़ गई हैं, क्योंकि इस बार पहले ही बारिश कम ही ऊपर से फसल में रोग से किसान दो तरफा मार से परेशान हैं। क्षेत्र में गेहूं की फसल में जड़ माहू रोग लगने से फसल बर्बाद होने लगी है। इससे क्षेत्र के किसान चिंतित हैं। रोग लगने के कारण गेहूं की फसल पीली पड़ने के साथ सूखने की कगार पर है। पौधा जड़ों से सूख रहा है। किसान रामसिंह किरार ने बताया कि उन्होंने 8 एकड़ में गेहूं की बोवनी की है। इसमें से 6 एकड़ में लगी हुई गेहूं की फसल पीली होकर सूखने लगी है।

### हितग्राहियों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**सीहोर।** प्रदेश के साथ ही जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अनेक विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और योजनाओं से छूटे हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। साथ ही ग्राम पंचायतों में
अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है। सीईओ श्री तिवारी ने कहा कि सभी ग्रामवासी इस यात्रा में आकर योजनाओं की जानकारी ले और अपने साथ-साथ अन्य नागरिको, जो योजनाओं का लाभ पाने से अभी तक वंचित हो, उन्हें यात्रा के दौरान योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

### विधानसभा चुनाव संपन्न होते ही वसूली के लिए विद्युत मंडल ने की सख्ती

# बिजली कंपनी ने चलाया वसूली अभियान किसानों के खेतों से जब्त किए पानी के पंप

**जावर, मेहतवाड़ा ,हकीमाबाद ,बागेर ,सिद्धिकगंज प्रमुख बकायादार ग्रामों में 36 ट्रांसफार्मर, 35 से 40 लाख रुपए की बकाया राशि होने पर किए बंद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



विधानसभा चुनाव में वोट प्राप्त करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिजली के बिल स्थगित किए थे।लेकिन जैसे ही चुनाव संपन्न हुए और सरकार के पास अपने अधिकारी- कर्मचारीयों को वेतन देने के लाले पड़े तो विद्युत मंडल ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बकायादारों पर वसूली करने के लिए कड़ा रूख अपनाया है ।एक तरफ जहां किसानों की विद्युत मोटर एवं अन्य सामान जब्त किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर 36 ट्रांसफार्मर उन ग्रामों के उतारे गए हैं, जहां पर 35 से 40 लाख रुपया उपभोक्ताओं पर बकाया था। भगवानपुरा ग्राम में डेढ़ लाख रुपए से अधिक की बकाया राशि होने पर किसान की विद्युत मोटर भी जब्त की गई है। विद्युत मंडल के उपमहाप्रबंधक अजय कुमार वाधवानी , कनिष्ठ यंत्री योगेश साहू अधीनस्थों को लेकर अपने कार्यालय से निकलकर बकायादारों के द्वार पर पहुंचे हैं तथा परेशानी से बचने के लिए बकाया राशि जमा करने के लिए उपभोक्ताओं से कहा है।

विद्युत मंडल ने जो सख्त कदम बकायादारों के ट्रांसफार्मर बंद करने का उठाया है उसमें जावर, मेहतवाड़ा, बागेर ,हकीमाबाद, सिद्धिकगंज प्रमुख ग्राम है। उप महाप्रबंधक श्री वाधवानी ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि ग्राम बागेर, सिद्धिकगंज, हकीमाबाद,जावर, मेहतवाड़ा में उन ट्रांसफार्मरों को बंद किया गया है जिन पर 35 से 40 लाख रुपया उपभोक्ताओं पर बकाया था।

इन उपभोक्ताओं को बकाया राशि जमा करने के लिए पहले सूचना भी दी गई ।लेकिन उपभोक्ताओं द्वारा कोई ध्यान नहीं देने पर यह कदम उठाना पड़ा। कनिष्ठ यंत्री योगेश साहू ने बताया कि ग्राम भगवानपुरा निवासी रमेश माली पर 1 लाख 57 हजार रुपए विजिलेंस वसूली के थे ,राशि जमा ना करने पर विद्युत मोटर जब्त की गई है। विधान सभा चुनाव खत्म, बिजली कंपनी की सख्ती शुरू; 36 गांवों में ट्रांसफार्मर बंद किए, 36 गांवों की खेती की बिजली बंद की क्षेत्र में गेहूं की फसल बढ़वार पर है। गेहूं को अभी तीन बार सिंचाई की जरूरत है। इस बीच बिजली कंपनी ने बकाया वसूलने के लिए किसानों के खेतों पर लगे ट्रांसफार्मर बंद करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। 36 गांवों में ट्रांसफार्मर बंद कर दिए हैं और इन गांवों की खेती की बिजली सप्लाई बंद कर दी है। बिजली कंपनी की इस कार्रवाई पर इसलिए सवाल खड़े हो गए हैं क्योंकि इसे विधान सभा चुनाव के बाद शुरू किया है।हम बिजली कंपनी की कार्रवाई के खिलाफ नहीं है लेकिन किसानों ने इस कार्रवाई की टाइमिंग को भेदभाव से प्रेरित बताया है।

इधर, किसानों की गेहूं की फसल सूखने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि कनेक्शन काटने व ट्रांसफार्मर उतारने का काम फरवरी तक रोका जाए। बिजली कंपनी ने आष्टा में 100 प्रतिशत बकाया वाले ट्रांसफार्मर बंद की सूची तैयार कर ली है। 36 गांवों में कृषि पंपों की बिजली सप्लाई 11 केव्ही लाइन से बंद कर दी गई है।

## खेतों में झूल रहे बिजली के तार, हादसे का अंदेशा

**जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान**



**आष्टा।** इस प्रकार खेत में बिजली के 11 केव्केही के तार झूल रहे है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था काफी बिगड़ी हुई है स्थिति यह है कि किसानों के खेतों में 11 केव्ही के बिजली के तार झूले की तरह झूल रहे हैं ।जिसके कारण बीते माह ग्राम गवाखेड़ा में एक किसान मौत का शिकार भी हो गया। लेकिन उक्त हादसे के बाद भी विद्युत मंडल के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस समस्या का निदान करना नहीं चाहा ।आज भी बिजली के तार पुनः हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गवाखेड़ा में बलराम सिंह आत्मज औंकारसिंह के खेत में 11 केव्ही विद्युत बडी लाईन के तार नीचे झुलते हुए नजर आ रहे हैं।जिसके कारण गत माह अक्टूबर मे बलराम की मत्यु हो गई । विद्युत मंडल के अधिकारियों को चाहिए कि उक्त हादसे को गंभीरता से लेकर तत्काल बिजली के तारों को ठीक कराएं ताकि और कोई किसान मौत का शिकार ना हो।

### समय पर कार्यालय नहीं आए तो होगी कार्रवाई

**आष्टा।** प्रायः यह देखने में आ रहा था और नगर के जागरूक लोगों द्वारा बार-बार शिकायत आ रही थी कि नगरपालिका कर्मचारीगण निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित नही होने के चलते नागरिकों को परेशान होना पड़ता था। इन सभी के चलते नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना की मौजूदगी में 21 दिसंबर दिन गुरूवार को कार्यालय के प्रत्येक कमरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विभागों के प्रमुख अपने कमरों से नदारद नजर आए। नपाध्यक्ष मेवाड़ा ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना से कहा कि अपने अधिनस्थों पर नकैल कसकर रखें। समय पर कमरों में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी नही मिलने के कारण नगर की जनता अपने छोटे-छोटे कार्यो के लिए इधर-उधर परेशान होते नजर आते है। श्रीमती मेवाड़ा ने यह भी कहा कि नागरिकों ने हमें उनकी सेवा व उन्हें मूलभूत सुविधाओं को आसानी से मुहैया कराने के लिए चुनकर अध्यक्ष बनाया है, ना कि उन्हें परेशान करने के लिए। इस प्रकार की स्थिति दोबारा बनने पर कोई भी अधिकारी व कर्मचारी हो नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कत्र्तव्य को समझे और उसी के अनुरूप नागरिकों के हर छोटे-बड़े कार्य को करें, नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए इसका विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा के साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद डॉ. सलीम खान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## 9 पंचायतों में 10 पंच पद के चुनाव सील लगाकर होंगे, अब तक दो नामांकन पत्र हुए जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

आष्टा विकासखंड की 9 ग्राम पंचायतों में पंच पद के 10 पद रिक्त हैं, जिनके लिए चुनाव कराए जाने का कार्यक्रम जारी हुआ है ।जिसमें दो पंचायत के दो पंच हेतु एक -एक नाम निर्देशन पत्र जमा हुए हैं । नाम निर्देशन पत्र जमा होने की अंतिम तारीख 22 दिसंबर है ।मतपत्र के माध्यम से मतदान की स्थिति निर्मित होने पर चुनाव कराए जाएंगे और अगर एक-एक ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए तो जांच के पश्चात उन्हें सही होने पर निर्विरोध घोषित किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर नायब तहसीलदार मुकेश सांवले ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी किया गया। मतदान 5 जनवरी 2024 को होगा। पंचायतों उप




निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने का कार्य 15 दिसम्बर से शुरू हो गया है। नाम निर्देशन-पत्र 22 दिसम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की जांच 23 दिसम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा।पंचायतों में मतदान 5 जनवरी 2024 को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंचायत उप निर्वाचन में पंचायत पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र में ही होगी।इसी प्रकार जनपद पंचायत आष्टा में 9 पदों में भानाखेडी, मेहतवाडा, नौगांव, अरोलिया आष्टा, लोरासखुर्द, पारदीखेड़ी, झीकडी मेवाती, डोडी, पाडलिया में पंच पदों का निर्वाचन होना है। पाडलिया में गुलाबसिंह सैंधव व नौगांव में बबिता ने पंच पद हेतु नाम निर्देशन पत्र जमा कराया।

## कथा वाचक ने कथा के यजमानों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



हमारी आत्मा से बाहर कोई भी शत्रु नहीं है। असली शत्रु हमारे अंदर ही है। काम, क्रोध, मद ,लोभ, मोह और ईर्ष्या यह सभी हमारे दुश्मन है। सभी हमारे खुद के अंदर छिपे हुए हैं। इसलिए खुद पर विजय प्राप्त करना, लाखों शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने से अच्छा है। उक्त प्रेरक विचार श्री श्याम श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा खंडेलवाल मैदान मंडी गेट पर आयोजित सात दिवसीय संगीत मय श्री राम कथा के छठवें दिन व्यास पीठ से परम भागवत भास्कर संत श्री मिट्ठुपुरा सरकार द्वारा व्यक्त किए गए। कथा से पूर्व यजमान सुषमा राजीव पवार द्वारा पूज्य महाराज श्री का शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।आज कथा में गुरुदेव द्वारा आगे सुनाया की आज का मनुष्य धन कमाने के लिए भाग जा रहा है। जबकि वह अच्छी तरह जानता है। की अंतिम समय में एक फूटी कौड़ी भी उसके साथ नहीं जाएगी। जो भी धन कमाया है। वह इस धरा पर धरा ही रह जाएगा। लाख कमा लो हीरे मोती। याद रखो कफन में जेब नहीं होती। धन कमाने के बाद भी जीवन भर भयभीत रहता है। मनुष्य का जीवन चूहे जैसा हो गया है। जो हमेशा भयभीत रहता है। व्यक्ति हीरे को छोड़कर कांच के टुकड़ों को पकड़ रहा है। व्यक्ति के साथ धन नहीं उसका किया हुआ दान, सेवा, सत्कर्म ही साथ जाना है। आगे संत श्री द्वारा सीता स्वयंवर मैं भगवान श्री राम द्वारा भगवान शंकर के धनुष को तोड़ने की कथा को बड़े ही विस्तार से श्रवण करवाया। इसके पश्चात परशुराम लक्ष्मण संवाद को बड़े ही सरल शब्दों में सुनाया। अंत में भगवान श्री राम सीताजी का विवाह कथाकार पंडित दीपक शर्माजी द्वारा वैदिक रीति से विधि विधान से संपन्न करवाया। कथा समिति के अध्यक्ष संजीव पांचम, राजीव सुषमा पवार द्वारा जगत जननी जानकी सीता मैया के पांव का पूजन कर कन्यादान किया गया। इस अवसर पर संत श्री द्वारा गाए हुए सुंदर और मंगल विवाह गीतों पर सभी ने मंत्र मुग्ध होकर नृत्य किया। हल्दी और कुमकुम लगाकर एक दूसरे को बधाई दी गई। श्री राम विवाह के अवसर पर महाप्रसादी वितरण का परम सौभाग्य कमल ताम्रकार विजेंद्र सिंह सेंधव डेरी को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर डॉ मीना सिंगी, कुमेर सिंह भाटी, गुलाब बाई ठाकुर, भोजवानी साहब,राजेंद्र सिंह ठाकुर, विजेंद्र सिंह सेंधव डेरी, गजराज सिंह गोपालपुर, बहादुर सिंह ठाकुर, देवजी पटेल रिछड़िया, सोभाल सिंह धुमड़ा खेड़ी, घासीराम भील खेड़ी, दौलत सिंह पटेल लसूडिया पार, शोभालसिंह परोलिया, राजेश गुप्ता, हरिओम कटारिया, नरेंद्र भाटी, डॉ रतन सिंह, मोहन सिंह, जीवनराज माली खेड़ी, अमर सिंह राजपूत, कमल ताम्रकार,लखन पाटीदार, पंडित दीपक शर्मा, सुनील सोनी, प्रकाश जायसवाल सहित विशाल संख्या में भक्तगण पधारे और श्री राम कथा का श्रवणपान किया।

## ज्ञानार्जन के साथ बच्चों ने लिया अणु शॉपिंग मॉल का आनंद, अभय मुनि बोले धार्मिक संस्कार जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा




आचार्य श्री उमेश मुनिजी प्रवर्तक श्री जिनेंद्र मुनि जी की यही प्रेरणा होती है कि धार्मिक पाठशालाओं का नियमित संचालन हो, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी के शुभ संस्कारित धर्ममय जीवन की मजबूत नींव रखी जा सके। बच्चों में धार्मिक संस्कार होना जरूरी है ।लौकिक शिक्षा के साथ धार्मिक शिक्षा उनके भविष्य को संभारेगी।

उक्त बातें नगर के महावीर भवन स्थानक में विराजित अभय मुनिश्री ने पाठशाला के बच्चों के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। ज्ञानार्जन के साथ बच्चों के लिए अणु शॉपिंग मॉल स्थानक परिसर में लगाया गया ।जिसमें बच्चों ने अपनी इच्छा अनुसार अंकों के आधार पर सामान लिया। उनके साथ उनके अभिभावकगण भी थे।

इसी उद्देश्य से पाठशाला के संदर्भ में एक नूतन प्रयोग श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्री संघ,आष्टा द्वारा किया गया ।जिसके अंतर्गत प्रति रविवार को स्थानक पर लगने वाले अणु संस्कार शिविर में बच्चों को उनकी नियमित उपस्थिति, ज्ञान कंठस्थ करके सुनाना, साप्ताहिक प्रत्याख्यान ग्रहण करके पालन करना , धार्मिक प्रतियोगिताओं के लिए प्रभावना के रूप में अणु मुद्रा प्रदान की गई। जिससे बच्चे उत्साह पूर्वक शिविर में भाग लेने लगे।शिविर में बच्चों को जो अणु मुद्रा प्रदान की गई। इससे वे उनके पसंद की वस्तु प्राप्त कर सके। इस हेतु श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्री संघ की सहयोगी संस्था सौभाग्य बहु मंडल एवं अणु मित्र मंडल के तत्वाधान में अणु संस्कार शिविर द्वारा अणु शॉपिंग मॉल का आयोजन पूज्य श्री हेमंत मुनिजी म.सा., पूज्य श्री अभय मुनि जी म.सा., पूज्य श्री गिरीश मुनि जी म.सा. के सानिध्य में किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे अपने माता-पिता व स्वजनों के साथ पहुंचे।बच्चों ने अपनी पसंद की वस्तु की खरीदी की। इस बाल मेले में श्री संघ के अलावा सौभाग्य बहु मंडल, अणु बालिका मंडल व अणु बाल मंडल सहित अनेक सदस्यो का सराहनीय सहयोग रहा।सौभाग्य बहु मंडल एवम अणु मित्र मंडल के इस नवीन प्रयोग की वरिष्ठ समाजजनों ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

### सी.एम.राइज स्कूल और कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में चलाया कॉलेज चलो अभियान

# महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने का कर रहे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत सी.एम.राइज स्कूल एवं कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में इस अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जो नई शिक्षा नीति लागू की गई है उसके अंतर्गत महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाने का भी प्रयास किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ पुष्पलता मिश्रा ने कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत दोनों ही विद्यालयों में यह जानकारी दी की शहीद भगत सिंह स्नातक महाविद्यालय में विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध है। शासन द्वारा संचालित विभिन योजनाएँ जैसे गांव की बेटी, प्रतिभा किरण, दिव्यांग छात्रवृत्ति, निर्धन छात्रवृत्ति, आवास योजना, अल्पसंख्यक योजना आदि इस तरह की 12 तरह की योजनाएँ महाविद्याल में संचालित है तथा महाविद्यालय में बेठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, खेलकूद, कन्या छात्रावास, बालक छात्रावास, आधुनिक प्रयोगशाला उपलब्ध है।

इसी की साथ महाविद्यालय में बी.ए., बी.ए. कम्प्यूटर बी.कॉम, बी.कॉम कम्प्यूटर, बी.बी.ए., बी.एससी, बी.एससी कम्प्यूटर, बी.सी.ए., बॉयोटेक तथा स्नातकोत्तर समाजशास्त्र, राजनीतिविज्ञान, हिन्दी, गणित एवं एम.कॉम पाठ्यक्रम स्ववित्तीय योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय में संचालित है। डॉ.मिश्रा ने विद्यार्थियों को जानकारी दी कि महाविद्यालय में समय-समय पर स्वरोजगार योजनाओं का प्रशिक्षण भी दिया जाता है तथा विद्यार्थियों को प्लेसमेंट भी किया जाता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ.ललिता राय श्रीवास्तव ने कहा कि उच्च शिक्षा आपके कॅरियर की एक सीढ़ी है और उस सीढ़ी पर आप तब ही चढ़ सकते है जब आप महाविद्यालय में प्रवेश लेते है। हम देखते है कि प्राथमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या बहुत अधिक होती है मिडिल में थोड़ी और काम हो जाती है हायर सेकेंडरी में उससे कम होती है और महाविद्यालय में आकर यह संख्या और घट जाती है तो शासन का और हम सबका यह प्रयास है की अधिक से अधिक विद्यार्थी 12वीं के बाद अपनी शिक्षा को निरंतर रखे एवं महाविद्यालय में प्रवेश ले। महाविद्यालय में प्रवेश लेने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन एडमिशन की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया तथा महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए जिन-जिन दस्तावेजों की आवश्यकता है उन सब की तैयारी आप पहले से ही कर कर रख लें तथा जब भी ऑनलाइन फॉर्म भरने जाएं आप स्वयं उसे फॉर्म को भरें ताकि बाद में कोई अगर गलती हो जाती है तो उसके लिए आपको असुविधा का सामना न करना पड़े। महाविद्यालय में जिले की सबसे बड़ी ई-लाइब्रेरी भी शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में है जहां पर आप लाखों की संख्या में पुस्तकों को पढ़ सकते हैं इस अभियान के अंतर्गत आष्टा तहसील के समस्त हायर सेकेंडरी स्कूल एवं आसपास के गांव के हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी जाकर यह अभियान चलाया जाएगा ताकि महाविद्यालय में अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकें क्योंकि जानकारी के अभाव में भी बहुत से छात्र छात्राएं इससे वंचित रह जाते हैं अगर उनको सारी जानकारी पहले से ही प्राप्त होगी तो उन्हे महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए होने वाल असुवधिओं का सामना नही करना पड़ेगा।

ऐसे माता-पिता जो 12वीं के बाद अपने बच्चों को महाविद्यालय नहीं भेज पाते बच्चे शासन की योजनाओं और महाविद्यालय में पढ़ने से होने वाले लाभों से उनको अवगत कराएंगे तो ऐसी स्थिति में निश्चित ही महाविद्यालय की संख्या में वृद्धि होगी इस अवसर पर सी.एम.राईज स्कूल के प्राचार्य मो.सितवत खान ने भी बच्चों को 12वीं के बाद आगे की शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। कन्या हायर सेकेंडरी के प्राचार्य अमर सिंह परमार ने भी छात्र-छात्राओं से कहा कि मेरी दोनों बेटियां शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय आष्टा से ही पढ़कर आज सरकारी नौकरी में पदस्थ है। यहां महाविद्यालय में समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं यहां की शिक्षा व्यवस्था बहुत अच्छी है। अगर आप इस महाविद्यालय में प्रवेश लेते हैं तो आपका भविष्य उज्जवल होगा। इस अवसर पर डॉ.मेघा जैन के द्वारा भी छात्र-छात्राओं को अभियान के अंतर्गत प्रवेश लेने के लाभों से अवगत कराया गया।

## ग्रामीणों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खाचरोद

गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत रामपुरा कला, सिंगारचोरी, झिकड़ी मेवाती, आवलीखेड़ा पंचायत पहुंची। यात्रा में पहुंचे जनप्रतिनिधि व अधिकारियों का ग्रामीणों ने स्वागत किया। वहीं अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। और जो शासन की योजना से छूटे हुए हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम वासियों ने प्रधानमंत्री आवास उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, जनधन, जीवन ज्योति योजना के आवेदन अधिकारियों को दिए। वहीं विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को जनप्रतिनिधि व अधिकारियों द्वारा हित लाभ का वितरण किया गया। इस मौके पर तहसीलदार मुकेश सांवले, ग्राम पंचायत रामपुर कला सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर दरबार, सिंगारचोरी पंचायत सरपंच कुतुबुद्दीन खान, झीकड़ी मेवाती सरपंच अजगर खान, आवली खेड़ा पंचायत सरपंच सियाराम बारिया व सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, उषा कार्यकर्ता व कर्मचारी उपस्थित थे।